मिशन शक्ति अभियान

दिनाँक 18 अक्टूबर 2020

कर्यक्रम रूप रेखा

संचालन:डॉ०प्रदीप कुमार

10:00 प्रातः प्राचार्य जी द्वारा महाविद्यालय स्तर पर मिशन शक्ति अभियान की औपचारिक घोषणा एवं आशीर्वचन।

10:10 प्रातः डॉ सैयद अब्दुल वाहिद द्वारा मिशन शक्ति अभियान के संदर्भ में शिक्षकों का अभिविन्यास।

10:30 प्रातः डॉ मुजाहिद अली द्वारा बालिका सुरक्षा शपथ।

10:40 प्रातः मुजाहिद अली - धन्यवाद ज्ञापन।

10:50 समापन-राष्ट्रीय गान द्वारा।

राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामपुर (उ०प्र०)

(नैक तृतीय चक्र पूर्ण)

उच्च शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश के मिशन शक्ति कार्यक्रम के अर्न्तगत

ई- संगोष्ठी

18.10.2020

समय- 4:00-6:00 सांय

कार्यक्रम रूपरेखा

क० संख्या	कार्यक्रम विवरण	वक्ता	समय
1	कार्यक्रम परिचय	डा० मोनिका खन्ना	4:00 सांय
2	स्वागत गीत	माधुरी रघुवंशी	4:05 सांय
3	स्वागत उद्बोधन	प्राचार्य जी -डा० पी०के० वार्ष्णेय	4:10सांय
4	मुख्य वक्ता	डा० प्रीति गौतम पूर्व निदेशक, उच्च शिक्षा	4:20 सांय
5	विशेषज्ञ वक्ता	डा० ऐ० पी० सक्सेना पूर्व प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय, बिलासपुर	4:40 सांय
6	मार्शल आर्ट प्रशिक्षण	डा० मुजाहिद अली	5:00 सांय
7	बालिका सुरक्षा शपथ	डा० मुजाहिद अली	5:55 सांय
8	धन्यवाद ज्ञापन	डा० विनीता सिंह	6:00 सांय
9	समापन	समूह राष्ट्रीय गान	

कार्यक्रम संचालन :डा० सैय्यद अब्दुल वाहिद शाह

GOVT. RAZA POST GRADUATE COLLEGE, RAMPUR

Re-Accredited 'B' by NAAC (3rd Cycle)
Affiliated by M.J.P Rohilkhand University, Bareilly

कार्यालय ,राजकीय रज़ा स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामपुर ,उ0प्र0
दिनाँक**: 18/10/2020**
वेवीनार रिपोर्ट

आज दिनांक 18 अक्टूबर 2020 को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामपुर में मिशन शक्ति अभियान के द्वितीय दिवस पर **महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा एवं सम्मान** हेतु वेबिनार के माध्यम से दो सत्रों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें प्रथम सत्र में शारीरिक शिक्षा, बी एड , अर्थशास्त्र और वाणिज्य विभाग द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा एवं शिक्षकों का अभिविन्यास के अन्तर्गत महिला एवं बालिका सुरक्षा पर विचार विमर्श किया गया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ पी.के. वार्ष्णेय ने इस मिशन शक्ति अभियान के स्वागत संबोधन में कहा कि बड़े हर्ष का विषय है कि शारदीय नवरात्र के अवसर पर महाविद्यालय में मिशन शक्ति अभियान का आयोजन किया जा रहा है। हमारे देश में प्राचीन काल से ही नारी को शक्ति का प्रतीक माना जाता है। मां दुर्गा , मां अम्बे ,मां गौरी इत्यादि शक्ति की 9 देवियां हैं। नवरात्रों में इन्हीं देवियों को महिला शक्ति के रूप में पूजा जाता है। आज के भौतिक युग जब नैतिक मूल्यों का पतन हो रहा है तब महिला और बालिका सुरक्षा समाज के प्रत्येक व्यक्ति समाज की जिम्मेदारी है।

तत्पश्चात महाविद्यालय के समस्त महिला एवं पुरुष प्रध्यापकगण , राष्ट्रीय सेवा योजना, राष्ट्रीय कैडेट कोर , रोवर रेंजर्स एवं शारीरिक शिक्षा के सभी छात्र छात्राओं ने इस अवसर पर डॉ मुजाहिद अली सभी अभिवावकों को समाज में महिला और बालिका सुरक्षा एवं सम्मान हेतु शपथ भी दिलाई ।

इस मिशन शक्ति अभियान के द्वितीय सत्र में पूर्व निदेशक उच्च शिक्षा डॉ. प्रीति गौतम ने अपने संबोधन में कहा कि, महिला और बालिकाओं के प्रति अपराध करने वालों को कठोर सज़ा का प्रावधान होना चाहिए।

वर्तमान समय में महिलाएं जंहा जीवन के सभी क्षेत्रों में बढ़ चढ़कर उपस्थिति दर्ज करा रही हैं, तो वही महिलाओं के प्रति भारत में अनेक हिंसक अपराध बढ़ते जा रहे हैं। जिनके लिए कठोर सजा का प्रावधान होना आवश्यक है। सभी महिलाओं एवं बालिकाओं को अपने प्रति होने वाले अपराधों संबंधी सुरक्षा प्रावधानों की जानकारी होनी चाहिए, तभी वह समाज में सुरक्षित रह सकती हैं।

डॉ. ए. पी. सक्सैना ने इस वेबिनार में महिला एवं बालिका सुरक्षा पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि पुलिस हर जगह उपस्थित नहीं हो सकती इसलिए महिला और बालिकाओं के प्रति अपराध रोकने के लिए सभी नगर और गांव में बुद्धिजीवी और उत्तरदायी लोगों का एक समूह बनाया जाना चाहिए जो कि समाज में अपराधिक व्यक्तियों पर नजर रख सकें। ऐसे बुद्धिजीवी और उत्तरदायी समूह को राजकीय मान्यता होनी चाहिए। तभी समाज में महिला और बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकती है

राजकीय रज़ा स्नातकोत्तर महाविद्यालय में यह मिशन शक्ति अभियान दिनांक 17 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक आयोजित किया जा रहा है।

,19 अक्टूबर को एनएसएस एनसीसी एवं रोवर्स रेंजर्स के तत्वाधान में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ,

20 अक्टूबर को भूगोल इतिहास, राजनीति विज्ञान और वाणिज्य विभाग द्वारा पॉक्सो एक्ट एवं साइबर सुरक्षा, 21 अक्टूबर को हिंदी अंग्रेजी उर्दू और संस्कृत विभाग द्वारा कन्या भ्रूण हत्या और बाल विवाह, 22 अक्टूबर को जंतु विज्ञान वनस्पति और रसायन विभाग द्वारा घरेलू हिंसा तथा बालिका सुरक्षा 23 अक्टूबर को गणित,मनोविज्ञान तथा भौतिकी विभाग द्वारा लिंग विभेद तथा इंटरनेट का सुरक्षित उपयोग , 24 अक्टूबर को राष्ट्रीय कैडेट कोर के तत्वाधान में विश्व खाद्य दिवस एवं ग्रामीण क्षेत्रों में महिला सुरक्षा जागरूकता एवं 25 अक्टूबर 2020 को शारीरिक शिक्षा विभाग एवं एनएसएस के तत्वाधान में मार्शल आर्ट का

महिला सुरक्षा में उपयोग शीर्षक पर कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे। महाविद्यालय में आयोजित एक सभी कार्यक्रम महिला सुरक्षा व सम्मान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होंगे। साथ ही प्रत्येक दिन पूर्वाह्न 10 से 11 वेवीनार के अंत में एवं अपराह्न की वेवीनार में 5 से 6 बजे महिला आत्म रक्षा के लिए मार्शल आर्ट के अंत में अभिभावकों एवं छात्रों को महिला सुरक्षा सम्मान एवं समानता की शपथ दिलायी जाएगी।



Principal
Govt. Raza P.G. College
Rampur (U.P.)